954 रकबा 0.0980 हैक्टयर के लिए सक्षम भूमि अवाप्ति अधिकारी द्वारा नियमानुसार इस कृषि भूमि एवं उससे स्थित पेड़ों व स्ट्रक्चर आदि का सम्पूर्ण मुआवजा प्रचलित बाजार दर का निर्धारण समुचित प्रकार से करके अवधारित किया जाकर प्रार्थी को सूचित किया गया हैं। उस पर नियमानुसार देय सोलेशियम एवं ब्याज आदि की राशि भी सम्मिलित की गयी है।

3(1)–ग्राम डांगावास के खसरा नम्बर 954 की रकबा 0.0980 हैक्टयर भूमि का अधिग्रहण कानूनी प्रक्रिया से करके मुआवजा राशि का सही तरीके से विधि अनुसार निर्धारण करके मुआवजा प्रस्तावित किया गया है, जो सही है।

3(2)–भूमि अवाप्ति से प्रभावित व्यक्तियों को स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञप्ति जारी करके सूचित किया जाकर आपत्तियें आमंत्रित की गई थी। प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण करके ही अवार्ड जारी किया गया है।

3(3)–राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 के प्रावधानों की पूर्ण पालना करते हुऐ भूमि में स्थित स्ट्रक्चर्स, पेड़ों आदि की भी गणना एवं मूल्यांकन किया गया है तथा भूमि की किस्म के अनुसार प्रचलित बाजार दर से मुआवजा निर्धारण किया गया है, जो सही है।

3(4)–प्रार्थीनी की भूमि जो अवाप्त की गई है। उसका सक्षम भूमि अवाप्ति अधिकारी द्वारा विधिपूर्ण मुआवजा देय करते हुऐ अवार्ड पारित किया गया है, जिसमें पेड़, संरचना यदि है तो उसकी राशि भी सम्मिलित है।

3(5)–अवाप्त भूमि की किस्म राजस्व रेकर्ड में जैसी दर्ज है; अवाप्ति की अधिसूचना जारी होने के समय की स्थिति के अनुसार बाजार दर से गणना कर मुआवजा राशि अवधारित की गई है। सक्षम भूमि अवाप्ति अधिकारी द्वारा राजस्व अधिकारियों से क्षेत्र विशेष की डी.एल.सी दरें मंगवाकर भूमि की उपयोगिता अवस्थिति आदि को ध्यान में रखकर बाजार दर का निर्धारण करके ही अवार्ड पारित किया है।

3(6)–भूमि की किस्म राजस्व रेकर्ड के अनुसार बारानी–2 है, जिसका मुआवजा हैक्टयर में निर्धारित किया गया है। आवासीय प्रयोजनार्थ भूमि का संपरिवर्तन नहीं हुआ है। उपलब्ध रिकार्ड एवं अधिग्रहण के समय प्रचलित बाजार दर के अनुसार भूमि का पर्याप्त मुआवजा प्रस्तावित किया गया है।

3(7)–राजस्व रिकार्ड में दर्ज भूमि के लिए मुआवजा निर्धारण प्रति हैक्टयर में किया जाना गणना की इकाई है। वर्गफुट में गणना नहीं की जाती है। राजस्व ग्राम मेड़ता में प्रचलित भूमि की दरों का अवधारण करके ही सही मुआवजा राशि का अवार्ड पारित किया गया है।

3(8)–दिनांक 12.07.2014 को 3ए का नोटिफिकेशन एवं दिनांक 06.08.2015 को 3डी का नोटिफिकेशन किया गया जिससे दैनिक भास्कर एवं राजस्थान पत्रिका में प्रकाशित किया गया। नोटिफिकेशन के दिनांक को राजस्व रिकार्ड में दर्ज भूमि की किस्म के अनुसार ही एवं प्रचलित नियमों के अनुसार मुआवजा नियमानुसार सक्षम भूमि अवाप्ति अधिकारी द्वारा अवार्ड में किया गया है।

3(9)–राजपैरोकार ने दौराने बहस अचल सम्पति की तहसील मेड़ता के मेड़ता शहरी एवं आस पास के क्षेत्र की बाजार दर निर्धारण के संबंध में दिनांक 05.10.2012 को प्रभावी दरों की प्रति प्रस्तुत करते हुऐ बहस में कथन किया कि हस्तगत प्रकरण में अवाप्तशुदा भूमि की असिंचित किस्म की होने से, असिंचित भूमि की दर 135000/–रूपये प्रति बीघा को तीन गुणा किया गया है, जिसके अनुसार 2501928/–रूपये प्रति हैक्टयर की दर से अवाप्तशुदा भूमि से गणना करते हुऐ मुआवजा निर्धारित किया गया है, जो नियमानुसार है।

3(10)–सक्षम भूमि अवाप्ति अधिकारी द्वारा विषयांकित भूमि की बाजार दर का निर्धारण विधिक रूप से समस्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए न्यायिक विवेक के अनुसार किया जाकर ही अवार्ड पारित किया गया जाकर मुआवजा अवधारित किया गया है। वह विधि अनुसार पर्याप्त एवं सही तथ्यों पर

कलक्टर, नागौर

नागौर (राजस्थान)



Scanned by CamScanner

